



# केन-बेतवा लिंक परियोजना प्रभावित गांवों के घरों में नहीं जले चूल्हे

## आदिवासी, किसान और महिलाएं सामूहिक भूख हड़ताल पर




नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों के प्रदर्शन को प्रशासन के प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी नियंत्रित नही कर पा रही है। लगातार आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। चिता आंदोलन के बाद अब हजारों की संख्या में आदिवासी, किसान और महिलाएं सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।**

आंदोलन के आठवें दिन हालात बेहद संवेदनशील हो गए। प्रभावित गांवों के लोगों ने एकजुट होकर अपने घरों में चूल्हा तक नहीं जलाया। सुबह से ही बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष भूखे रहकर अपने हक की लड़ाई में शामिल हो गए। खाना नहीं बनाएंगे, न्याय लेकर रहेंगे और न्याय दो या मौत दो जैसे नारों के साथ आंदोलनकारियों ने नदी किनारे से लेकर जलधारा के बीच बने चिता स्थलों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर ने कहा कि हजारों घरों में चूल्हा नहीं जलना प्रशासन के प्रति गहरे असंतोष का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन न केवल उनकी वैधानिक मांगों को नजरअंदाज कर रहा है, बल्कि मेडिकल टीम और राशन-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी रोककर हालात और गंभीर बना रहा है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उन्हें उचित मुआवजा, पुनर्वास और उनके जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि जब तक धारा 11, 15 और 18 सहित सभी कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। इधर प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा, जिससे संघर्ष और गहराता जा रहा है। क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

# हथकड़ी खोलकर जेल गेट से कैदी हुआ फरार, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## आरोपी तेजी से भागते हुए पुलिस को चकमा देने में सफल रहा




नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। जिला जेल पन्ना के गेट के बाहर से विचाराधीन कैदी गत दिवस शाम करीब 7:30 बजे पुलिस अभिरक्षा में लाया गया एक विचाराधीन कैदी जेल के मुख्य गेट से हथकड़ी छुड़ाकर फरार हो गया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी के मामले में आरोपी वीरू उर्फ वीरेंद्र चौबे पिता स्वर्गीय रामस्वरूप चौबे उम्र 26 वर्ष, निवासी फुलवारी थाना देवेन्द्रनगर को शाहनगर थाना पुलिस ने रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे वापस जिला जेल भेजा जा रहा था। बताया जाता है कि जब पुलिस टीम आरोपी को लेकर जेल पहुंची और वाहन से उतारा, तभी उसने मौका पाकर पहले आरोपी ने अपने हाथ में बंधी हथकड़ी को खोला और जेल गेट में प्रवेश करने के बजाय अचानक भागने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी तेजी से भागते हुए पुलिस को चकमा देने में सफल रहा। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल इलाके में तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका।

### मामला दर्ज कर तलाश शुरू की

इस संबंध में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र चौबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रोहित मिश्रा ने बताया कि आरोपी पुलिस अभिरक्षा से जेल लाते समय फरार हुआ है, जिसकी तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।



# अमानगंज में युवक की जहर खाने से मौत

## उधार पर लिया गया पैसा बना कारण

नवभारत न्यूज

**अमानगंज, 13 अप्रैल। पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मझगुवां शेख में एक 30 वर्षीय युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव थाना परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन किया और एक स्थानीय डॉक्टर पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।**

मृतक कल्याण सिंह राजपूत पिता पहलवान सिंह राजपूत के परिजनों का सीधा आरोप है कि कल्याण ने अमानगंज के मटकी चौराहा निवासी डॉ. डब्बू ताम्रकार से कुछ पैसे ब्याज पर उधार लिए थे। परिजनों के अनुसार, आरोप है कि पिछले कुछ समय से डॉक्टर द्वारा पैसे वापस करने को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। डॉक्टर ने मृतक के साथ मारपीट भी की थी, जिससे क्षुब्ध होकर कल्याण सिंह ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पुलिस दस्तावेजों के अनुसार, घटना 12 अप्रैल की रात की है।

जहर सेवन के बाद कल्याण सिंह को तत्काल जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया था, जहाँ ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमानगंज पुलिस ने इस मामले में धारा 194 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और एसडीएम पन्ना को भी सूचित किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने डीटीएबी के निर्णय के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रेल। एम.पी. फार्मासिस्ट एसोसिएशन, जिला पन्ना द्वारा आज अपर कलेक्टर मधुबन्त राव धुर्वे को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ज़ी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के हालिया निर्णय का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।**



एसोसिएशन ने बताया कि दिनांक 16 फरवरी 2026 को आयोजित 93वीं बैठक में 'सक्षम व्यक्ति' की योग्यता को कमजोर करने हेतु औषधि एवं प्रसाधन नियम, 1945 के नियम 64 में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया है, जो फार्मासिस्ट समुदाय एवं जनस्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। ज्ञापन में कहा गया कि आधुनिक दवाएं अत्यंत संवेदनशील होती हैं, जिनके दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग की संभावना रहती है। ऐसे में पंजीकृत फार्मासिस्ट के स्थान पर अन्य व्यक्तियों को दवा संचालन एवं विक्रय की अनुमति देना मरीजों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ होगा। एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल महासंघ के गुड फार्मेसी प्रेक्टिस के मानकों के विपरीत है, जो सुरक्षित एवं जिम्मेदार दवा उपयोग को सुनिश्चित करते हैं। यह भी उल्लेख किया गया कि देश में 35 लाख से अधिक पंजीकृत फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं, जिनमें से बड़ी संख्या बेरोजगार या अल्प-रोजगार की स्थिति में है।

ऐसे में इस प्रकार का निर्णय फार्मासिस्टों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से डीटीएबी के प्रस्तावित संशोधन को पूर्णत: निरस्त किया जाए। होलसेल दवा व्यापार में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए।

'प्रतिबंधित लाइसेंस' की व्यवस्था को समाप्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, मीडिया प्रभारी मनीष पाठक,संगठन मंत्री प्रवीण कुशवाहा सहित सर्वसंबंधित उपस्थित रहे।

# लापता युवक का शव पेड़ पर लटका मिला, मामला संदिग्ध

## 20 दिनों से लापता युवक

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। सलेहा थाना अन्तर्गत ग्राम सलेहा निवासी 20 दिनों से लापता युवक सरमन चौधरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गत दिवस पेड़ से लटकता हुआ मिला।**

स्थानीय लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

# पुलिस बैंड दल ने आरक्षक भर्ती का किया प्रचार प्रसार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रेल। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आज स्थानीय गांधी चौक में पुलिस बैंड दल द्वारा आरक्षक भर्ती का प्रचार प्रसार एसपी पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन पन्ना खिलावन सिंह कंवर के मार्गदर्शन में किया गया।**



ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक (बैंड) के कुल 679 पदों पर सीधी भर्ती के लिये एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन गत 5 अप्रेल से आमंत्रित किये गये है जिसकी अंतिम तिथि 19 अप्रेल निर्धारित की गई है।

जिसके लिये पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस बैंड दल द्वारा प्रचार प्रसार के प्रदर्शन के निर्देश प्राप्त हुये थे जिसके तारतम्य में आज पुलिस बैंड दल द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शन कर प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक उम्मीद्वारों को भर्ती में शामिल होने हेतु अपील की गई।

# जिला स्तरीय उड़नदस्ता नकल रोकने लगातार कर रहा निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रेल। आज दिनांक 13 अप्रैल को जिला स्तरीय उड़नदस्ता पन्ना जिले की महाविद्यालयों में चल रही विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया।**



उड़नदस्ता दल के संयोजक डॉ एसडी चतुर्वेदी, अन्य सदस्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे.के. वर्मा एवं सिद्धू सिंह सहायक प्राध्यापक ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में चल रही द्वितीय पाली अपराह्न 2 से 4 बजे की परीक्षा का निरीक्षण किया, जिसमें कोई भी विद्यार्थी नकल करते हुए नहीं पाए गए। तत्पश्चात अशासकीय वैष्णो माता महाविद्यालय पन्ना का औचक निरीक्षण के उपरांत नकल विहीन परीक्षा संचालित पाई गई। शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में मात्र एक नकल प्रकरण बनाया गया।

# सांभर शिकार प्रकरण में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

## न्यायालय ने भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रेल। दक्षिण पन्ना वन मंडल के मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत मोतीडोल बीट में 9 अप्रैल को हुए सांभर हिरण के अवैध शिकार के प्रकरण में वन विभाग द्वारा पूर्व में दो आरोपियों, सोने सिंह एवं मलखान आदिवासी, को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से सांभर का मांस बरामद किया गया था तथा घटनास्थल से खाल, खोपड़ी एवं अन्य अवशेष भी प्राप्त किए गए थे।**



उक्त प्रकरण की विस्तृत जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में एक अन्य व्यक्ति का नाम उजागर किया। आरोपियों के अनुसार शिकार किए गए सांभर का लगभग 3 से 4 किलोग्राम मांस उन्होंने महेश चौधरी, पिता सुक्का चौधरी, उम्र 30 वर्ष, निवासी सोनमऊ खुर्द (मोतीडोल) को मात्र 100 रुपये एवं एक बोतल शराब के बदले बेचा था। वन विभाग की टीम द्वारा अगले दिन सोनमऊ खुर्द गांव में दबिश देकर तीसरे आरोपी महेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया तथा उसके विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धाराओं के अंतर्गत विधिवत कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 14 दिवस की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस संपूर्ण प्रकरण में आई एफएस प्रशिक्षु पंकज चौधरी के मार्गदर्शन एवं रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा के निर्देशन में समस्त मोहन्द्रा रेंज टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रेल। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।**

इसी क्रम में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 01 व्यक्ति अपने भैसो को रखने वाले टपरा ग्राम पुरैना में काफी मात्रा मे अवैध शराब बिक्री हेतु रखे हुए है।

थाना प्रभारी सिमरिया श्रीमति अग्निहोत्री द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम पुरैना मे टीम रवाना कर चैकिंग की गई जो आरोपी के भैंस रखने वाला टपरा ग्राम पुरैना में कुल 65 लीटर 700 मि.ली अवैध शराब कुल 77524 रूपये की रखे हुये पाये गये। पुलिस को देख कर मौके पर से एक आरोपी फरार हो गया तथा दूसरा आरोपी अनुज यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम पुरैना थाना सिमरिया भी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया।

उसके एवं अन्य साथी के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।




# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकाली जन-जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।**

इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देना था। रैली कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के संरक्षण में जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन और उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों को बचाना और उन्हें प्रदूषित होने से रोकना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।



# प्रधानमंत्री कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम पर व्याख्यान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। स्थानीय छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय आत्महत्या रोकथाम हेतु चेतावनी संकेतों की पहचान रहा। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस व्याख्यान में विशेषज्ञों ने उन मनोवैज्ञानिक संकेतों और व्यवहारों पर चर्चा की, जो किसी व्यक्ति के मानसिक तनाव या संकट को दर्शाते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह सिखाना था कि वे कैसे समय रहते अपने साथियों या स्वयं में ऐसे संकेतों को पहचानकर मदद पहुँचा सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. शुभम पाठक ने बताया कि अप्रैल माह को छात्र कल्याण के लिए समर्पित किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागवार गतिविधियों का नियमित रूप से सुनिशिचत हो क्रियान्वयन :परमार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अप्रैल। कलेक्टर ऊषा परमार ने आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान की नियमित रूप से विभागवार गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।**



साथ ही सामूहिक जनसहभागिता एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन गतिविधियों का आयोजन कराने के लिए भी कहा है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर जिला कलेक्टर ने अभियान के तहत 19 मार्च से अब तक क्रियान्वित विभागवार गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा अभियान की शेष अवधि में कार्ययोजना मुताबिक अपेक्षित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान शालाओं में पेयजल व्यवस्था एवं टंकियों की सफाई, पीएचई विभाग द्वारा जल परीक्षण तथा तहसीलदारों को जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आवेदनों के निराकरण के बारे में भी पूछा। टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को तीन दिवस में प्रभावी रूप से निराकृत करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सहित गैस सिलेंडर एवं पेट्रोल, डीजल उलब्धता की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रीमती परमार ने डायमंड म्यूजियम एवं मेडिकल कॉलेज की भूमिपूजन तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही शहर के रविवारीय बाजार के दिन निर्धारित क्षेत्र में चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध का पालन करवाने तथा गौवंश हटवाने के साथ आवश्यकता मुताबिक इन्हें गौशालाओं में विस्थापित करने के लिए भी कहा। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्थानों विशेषकर देवेन्द्रनगर एवं अमानगंज क्षेत्र में पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की बात भी कही।

### अधिकारी-कर्मचारियों को दी चेतावनी

इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि समस्त कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ शासकीय सेवकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के लाभ के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें। 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत स्तर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर शासन के निर्देश मुताबिक कार्यक्रम के आयोजन तथा बिजली विभाग की आगामी 15 मई तक संचालित होने वाली समाधान योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया।